प्रसार निदेशालय

आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या–224 229 (उ0प्र0)

- विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय के नियंत्रणाधीन पूर्वांचल के 26 जनपदों में से 23 जनपदों में कुल 25 कृषि विज्ञान केंद्र कार्यरत हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इन 25 कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से कुल 107 गांव गोद लिए गए हैं। गोद लिए गए गांव में कृषक प्रशिक्षण, ग्रामीण युवाओं हेतु रोजगार परक प्रशिक्षण तथा जीविका उपार्जन हेतु नवीनतम तकनीक का परिक्षण व प्रयोग कर रोजगार सृजन करने की संभावनाओं पर लगातार कार्य किए जा रहे हैं।
- फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण स्तर पर विद्यालय एवं महाविद्यालयों के सहयोग से प्रभातफेरी कर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से फसल अवशेष को ना जलाए जाने पर बल दिया गया। तथा चयनित गावों में फसल अवशेष प्रबंधन हेतु विभिन्न येत्रों के प्रयोग पर प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन कराया गया।
- एस0सी0एस0पी परियोजना अंतर्गत ग्रामीण कृषकों की कृषि उपयोगी यंत्र कीटनाशक स्प्रेयर तथा चैफ कटर भंडारण हेतु उपकरण तथा अन्य उपयोगी यंत्र भी उपलब्ध कराए गए हैं।
- जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए केंद्रों द्वारा जलवायु अनुकूल फसल प्रबंधन एवं उपर्युक्त बीज एवं फसल का चयन कर जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- थारू जनजाती विकास परियोजना के अर्तगत परियोजनाओं के माध्यम से बलरामपुर जनपद में लगभग 20 ग्रामों के थारू जनजाती के कृषकों को कृषि उपयोग में आने वाले विभिन्नन यंत्र तथा जिविकोपार्जन हेतु प्रति परिवार 25 कड़कनाथ नस्ल के चूजे एवं सिरोही व बरबरी नस्ल की 05 बकरियॉ एवं 01 बकरा इस शर्त के साथ उपलब्ध करायी गयी की वंश वृद्वि होने की स्थिती में अपने ग्रामीण भाइयों को उपलब्ध करायेंगे जिससे ग्रामीण स्तर पर कृषको की आय में निरन्तरता बनी रहे।

२४/५/२३